7	शिक्षार्थियों द्वारा परियोजना/लघु शोध कार्य अध्ययन केन्द्रों पर जमा करने की अन्तिम तिथि।	30 नवम्बर	30 अप्रैल	30 अप्रैल	30 नवम्बर
8	मूल्यांकित परियोजना/ लघु शोध कार्य के आन्तरिक अंक परीक्षा अनुभाग को उपलब्ध कराने की अन्तिम तिथि।	15 दिसम्बर	15 मई	15 मई	15 दिसम्बर
9	अध्ययन केन्द्रों द्वारा जमा परियोजना कार्य/लघु शोध तीन प्रतियों में बाह्य मूल्यांकन हेतु परीक्षा अनुभाग को उपलब्ध कराने की अन्तिम तिथि।	15 दिसम्बर	15 मई	15 मई	15 दिसम्बर

10	परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि।	31 अक्टूबर	30 अप्रैल	30 अप्रैल	31 अक्टूबर
11	परीक्षा प्रारम्भ होने की प्रस्तावित तिथि	15 दिसम्बर	1 जून	1 जून	15 दिसम्बर

शिक्षार्थियों के ऑन लाइन प्रवेश का वेरीफिकेशन अध्ययन केन्द्र द्वारा किया जायेगा।

- ❖ प्रत्येक अध्ययन केन्द्र को प्रवेश के उपरान्त पंजीकृत शिक्षार्थियों की संख्या के आधार पर ट्यूशन फीस का 20 प्रतिशत देय होगा जिसमें कार्यालय व्यय, परामर्श कक्षाओं का संचालन हेतु मानदेय पर होने वाला व्यय तथा अन्य विविध व्यय सम्मिलित है। उपरोक्त व्यवस्था 2025–26 से लागू होगी।
- ❖ परामर्श कक्षाओं की सूचना एवं समय–सारणी अध्ययन केन्द्र के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराएँ और एक प्रति विश्वविद्यालय में स्थापित क्षेत्रीय सेवा प्रकोष्ठ को उपलब्ध कराएँ।
- ❖ **विश्वविद्यालय के समस्त अध्ययन केन्द्रों के समन्वयकों/प्राचार्यों/निदेशकों से अपेक्षा है कि परामर्श सत्र की समाप्ति के तीन माह के अन्दर निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार प्रवेशित शिक्षार्थियों को करायी गई परामर्श कक्षाओं की समय–सारणी तथा परामर्शदाताओं को दिया गया मानदेय के विवरण का समायोजन क्षेत्रीय सेवा प्रकोष्ठ को डाक द्वारा प्राप्त कराना सुनिश्चित करें।**
- ❖ अध्ययन केन्द्रों पर परामर्श–सत्र ले रहे प्राध्यापकों का पूर्ण विवरण (नाम, पद, अनुभव, पता एवं मोबाइल नम्बर आदि) स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड–पार्सल के माध्यम से सम्बन्धित क्षेत्रीय केन्द्र/क्षेत्रीय सेवा प्रकोष्ठ को निर्धारित तिथि तक अवश्य प्रेषित करना सुनिश्चित करें।
- ❖ अधिन्यास मूल्यांकन हेतु अध्ययन केन्द्रों पर परामर्श कक्षाओं को ले रहे प्राध्यापकों की सूची /क्षेत्रीय सेवा प्रकोष्ठ को उपलब्ध कराया जाना है। /क्षेत्रीय सेवा प्रकोष्ठ द्वारा इन प्राध्यापकों का अनुमोदन माननीय कुलपति जी से प्राप्त किया जायेगा। यही प्राध्यापक अधिन्यास उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु अर्ह माने जायेंगे।
- ❖ अधिन्यास कार्य में **25 या उससे अधिक** अंक प्राप्त करने वाले शिक्षार्थियों की उत्तर पुस्तिकायें निरीक्षण हेतु मुख्यालय पर मंगवाई जा सकती है।
- ❖ **पूर्व की भांति अध्ययन केन्द्र समन्वयक अपने केन्द्र पर जमा 'अधिन्यास उत्तर पुस्तिका' को मूल्यांकित कराकर निर्धारित तिथि तक अधिन्यास अंक हार्डकापी में एवं ऑन लाइन अनिवार्य रूप से अपने से विश्वविद्यालय को तथा उसकी एक प्रति सम्बन्धित क्षेत्रीय केन्द्र को अवश्य उपलब्ध करा दें।**
- ❖ मानदेय इत्यादि बिल के भुगतान हेतु निर्धारित प्रपत्र का ही प्रयोग करें और समन्वयक अपने हस्ताक्षर के साथ वाउचर इत्यादि समस्त पत्रजात अवश्य संलग्न करें।
- ❖ विशेष परिस्थितियों में अथवा पर्याप्त छात्र संख्या न होने पर विश्वविद्यालय को किसी कार्यक्रम को वर्तमान सत्र में सर्वत्र या किसी विशेष केन्द्र पर बन्द करने या न चलाने का अधिकार होगा।
- ❖ अध्ययन केन्द्र समन्वयक सम्बन्धित विषय के परियोजना निर्देशक से परियोजना कार्य के मूल्यांकन हेतु सम्पूर्ण विवरण (नाम, पद, अनुभव, पता, मोबाइल नम्बर) को प्राप्त करके सूची के साथ विश्वविद्यालय के परीक्षा अनुभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
- ❖ ई–प्रवेश आवेदन पत्र की सभी प्रविष्टियों की जाँच करने के पश्चात् आश्वस्त होने पर ही ई–आवेदन पत्र को प्रवेश हेतु कन्फर्म करें। अनर्ह, अपूर्ण, अस्पष्ट एवं निर्धारित शुल्क के बिना प्रवेश आवेदन फार्म पर कम्प्यूटर द्वारा किसी भी दशा में प्रवेश को कन्फर्म न करें। अनर्ह अभ्यर्थियों के प्रवेश को तथा कोई फीस वापस नही किया जायेगा। प्रवेश किसी समय निरस्त किया जाता है तो ऐसी स्थिति में उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व छात्र एवं अध्ययन केन्द्र समन्वयक का होगा।
- ❖ प्रथम वर्ष के प्रवेशित शिक्षार्थियों को स्पष्ट रूप से सूचित करें कि जब तक उनका कार्यक्रम पूर्ण न हो

सूचना विवरणिका को अपने पास संरक्षित रखें एवं नियमों तथा आवश्यक अनुदेश हेतु समय–समय पर इसका अवलोकन करते रहें।

- **विश्वविद्यालय से सम्बन्धित नियमों, कार्यक्रम–प्रारूप, प्रवेश शुल्क, नवीन कार्यक्रमों, प्रवेश परीक्षा आदि से सम्बन्धित विस्तृत/संशोधित अद्यतन सूचना समय–समय पर विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त होगी तथा अंतिम रूप से मान्य होगी।**
- विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षार्थी के प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करते ही शिक्षार्थी को एस.एम.एस./ई मेल से उसके प्रवेश सुनिश्चित होने की जानकारी उपलब्ध हो जाएगी।
- सभी अध्ययन केन्द्रों को आवश्यकतानुसार अपने क्षेत्रीय केन्द्र से सम्पर्क करें और क्षेत्रीय समन्वयक से दिशा–निर्देश प्राप्त करें।
- **इस विश्वविद्यालय में अध्ययनरत शिक्षार्थी यदि किसी अन्य कार्यक्रम में प्रवेश लेना चाहता है तो ऐसे शिक्षार्थियों को भी अर्हता सम्बन्धी सभी अंकतालिकाएं प्रवेश के समय ऑन लाइन प्रवेश आवेदन फार्म के साथ अपलोड करना अनिवार्य है। अपूर्ण अंकतालिका पर प्रवेश स्वीकार नहीं किया जाएगा। उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय में नामांकित शिक्षार्थी का भी प्रवेश अपूर्ण अंकतालिका पर स्वीकार नहीं होगा।**
- **शिक्षार्थियों द्वारा प्रवेश सम्बन्धी यदि कोई संशोधन हो तो प्रवेश के बेसिक डाटा में 30 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से करा लें। उसके बाद किसी प्रकार के संशोधन के लिए प्रार्थना–पत्र के साथ निर्धारित शुल्क नीचे दिये टेबल के अनुसार देय होगा शुल्क वित्त अधिकारी उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के नाम देय होगा नकद शुल्क का प्रावधान नही है।**

क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयकों के लिए महत्त्वपूर्ण अनुदेश :–

- **सभी क्षेत्रीय केन्द्रों को भी अपना एक कोड आवंटित कर दिया गया है और उन्हें एक अध्ययन केन्द्र के रूप में भी प्रवेश लेना होगा एवं अन्य कार्य सम्पादित करने होंगे।**
- क्षेत्रीय केन्द्र अपने अन्तर्गत आने वाले सभी अध्ययन केन्द्रों से सम्पर्क कर यथासमय शैक्षणिक कैलेण्डर में निर्धारित तिथियों के अनुरूप समुचित कार्यव्यवस्था को अपने दिशा–निर्देश में पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे।
- विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षार्थी के प्रवेश को कन्फर्म करते ही शिक्षार्थी की नामांकन संख्या जनरेट हो जायेगी साथ ही शिक्षार्थी को एस.एम.एस. ई. मेल के माध्यम से नामांकन संख्या प्राप्त हो जायेगी।
- क्षेत्रीय केन्द्र अपने पैनल से एक कम्प्लीट रिपोर्ट निकालकर विश्वविद्यालय के प्रवेश अनुभाग को प्रेषित करेंगे।
- विश्वविद्यालय का प्रवेश अनुभाग अपने ऑन लाइन प्रवेश के मास्टर पैनल पर इस सम्पूर्ण प्रक्रिया पर निगरानी रखेगा।
- अध्ययन केन्द्र से सम्बन्धित कार्य के समयबद्ध सम्पादन के लिए क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयक विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथियों तक कार्य को अपनी देख–रेख में सम्पन्न करायें।

क्र.सं.	संशोधन का प्रकार	अंतिम तिथि तक	निर्धारित शुल्क
1.	कार्यक्रम संशोधन	निःशुल्क	अंतिम तिथि पश्चात अमान्य है।
2.	अध्ययन केन्द्र (स्टडी सेंटर) परिवर्तन	निःशुल्क	रु. 1000/–
3.	प्रश्न पत्र/विषय में परिवर्तन	निःशुल्क	रु. 500/–
4.	परीक्षा केन्द्र परिवर्तन	–	रु. 800/–
5.	उपरोक्त के अतिरिक्त किसी भी प्रकार के संशोधन	निःशुल्क	रु. 500/–

	की दशा में		

- ❖ **सभी क्षेत्रीय केन्द्र अध्ययन केन्द्रों हेतु विवरणिका में मुद्रित महत्वपूर्ण निर्देशों का सम्यक् अवलोकन कर उनका सम्पादन करेंगे।**
- ❖ **उपरोक्त के अतिरिक्त क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयक समय–समय पर विश्वविद्यालय से सम्पर्क स्थापित कर, उसके दिशा–निर्देशों**

  का सम्यक अनुसरण करते हुए आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

स्नातक कार्यक्रम में प्रवेश, निकास और पुनः पंजीकरण प्रकिया :– (लेवल 4.5 से 5.5)

1. स्नातक कार्यक्रम के पहले वर्ष (2 सेमेस्टर) के पूरा होने पर छात्र एक स्नातक प्रमाण पत्र के साथ कार्यक्रम से बाहर निकल सकते हैं और दो साल (4 सेमेस्टर) पूरा होने के बाद स्नातक डिप्लोमा के साथ बाहर निकल सकते हैं।
2. छात्र को तीन साल (6 सेमेस्टर) पूरा करने के बाद स्नातक की डिग्री प्रदान की जायेगी।
3. छात्र के स्नातक कार्यक्रम पूर्ण करने पर अगले स्तर पर फिर से प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

स्नातकोत्तर कार्यक्रम प्रवेश, निकास और पुनः पंजीकरण प्रक्रिया :–

(लेवल 6.0 से 6.5)

1. स्नातकोत्तर कार्यक्रम के दोनो वर्षों के पूरा होने के बाद छात्र को मास्टर डिग्री से सम्मानित किया जायेगा।
2. छात्र को बाहर निकलने के बाद अगले स्तर पर फिर से प्रवेश की अनुमति दी जायेगी।

शैक्षिक कार्यक्रम–एक दृष्टि

(अ) स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, प्रमाण–पत्र एवं नॉन–क्रेडिट जागरूकता कार्यक्रम

स्नातक एवं स्नातकोत्तर कार्यक्रमों का विवरण :–

कार्यक्रम कोड Prog. Code	कार्यक्रम का नाम Name of the programme	अवधि Duration (years)		प्रवेश शुल्क (प्रतिवर्ष) Admission Fee	प्रवेश हेतु न्यूनतम अर्हता Minimum Qualification for Admission	अध्ययन सामग्री का माध्यम
		Min.	Max.			
Lukrd (Graduation)						
101	Arts (B.A.) कला (बी.ए.)	3	6	3300/–	10+2 + other	**H**
102	Commerce (B.Com.) वाणिज्य (बी.कॉम.)	3	6	3800/–	10+2 + other	**H**
104	Science (B.Sc.) विज्ञान (बी.एस–सी.)	3	6	6800/–	10+2 + other Science	**E**
105	कम्प्यूटर अनुप्रयोग में स्नातक Bachelor of Computer Application (BCA)	3	6	13000/–	10+2 or 3 years diploma of Board of Technical Education or equivalent or Two year ITI programme of any Trade after 10th Standard	**E**
108	व्यवसाय प्रशासन Business Adminstration (BBA)	3	6	8800/–	10+2+ other	**E**
202	पुस्कालय एवं सूचना विज्ञान Library and information Science (BLIS)	1	3	8300/–	Graduation	**H**
स्नातकोत्तर (Post Graduation)						
226	हिन्दी (Hindi)	2	4	7300/–	Graduation (स्नातक)	**H**
227	अंग्रेजी (English)	2	4	7300/–	Graduation (स्नातक)	**E**
228	इतिहास (History)	2	4	7300/–	Graduation (स्नातक)	**H**
229	समाजशास्त्र (Sociology)	2	4	7300/–	Graduation (स्नातक)	**H**
230	राजनीतिशास्त्र (Political Science)	2	4	7300/–	Graduation (स्नातक)	**H**
231	अर्थशास्त्र (Economics)	2	4	7300/–	Graduation (स्नातक)	**H**
232	शिक्षाशास्त्र (Education)	2	4	7300/–	Graduation (स्नातक)	**H**

233	सांख्यिकी (Statistics)-(M.A.)	2	4	7300/–	Graduation (स्नातक)	**E**
234	दर्शनशास्त्र (Philosophy)	2	4	7300/–	Graduation (स्नातक)	**H**
235	संस्कृत (Sanskrit)	2	4	7300/–	Graduation (स्नातक)	**H**
236	समाजकार्य (Social Work)	2	4	7300/–	Graduation (स्नातक)	**H**
237	उर्दू (Urdu)	2	4	7300/–	Graduation (स्नातक)	**U (Urdu)**
238	गृह विज्ञान (Home Science)	2	4	12000/–	B.Sc. Home Science / B.A. Home Science with specialÁation in any discipline or PG diploma in Dietetics and Public Health Nutrition or its equivalent or B.Sc./ MBBS/ BHMS/ Home Science/ food science and technology/ health care medical/ pharmaceutical, along with DHEN/ DCDN/ CCCN/ CNF Offered by UPRTOU/ IGNOU	**H/E**
239	भूगोल (Geography)	2	4	7800/–	Graduation (स्नातक) Bachelor degree in any discipline	**H**
228	प्राचीन इतिहास एवं पुरातत्व Ancient History and Archaeology	2	4	7300/–	Graduation (स्नातक)	**H**
214	वाणिज्य Commerce (M.Com.)	2	4	6800/–	Graduation (स्नातक)	**H/E**
224	विज्ञान Science (M.Sc.) सांख्यिकी (Statistics)	2	4	7800/–	Any Bachelor Degree (10+2+2 OR 10+2+3 OR 10+2+4) with Mathematics/Statistics/Computer Science as one of the subject /paper and Mathematics in 10+2 level.	**E**
	Mathematics (Msc-Mathematics)(PGMM)	2	4	10800/–	Bachelor Degree in concerned subject (B.Sc.- Mathmatics OR Any 4 year Graduate Degree in Mathmatics OR B.Tech(CS/IT/EC etc) .	**E**
	Science (M.Sc.) पर्यावरण विज्ञान Environmental Science (Msc- Environmental Science)(PGEVS)	2	4	10800/–	Bachelor Degree in concerned subject (B.Sc.(Life Science/B.Sc. Physical Science/B.Sc. Agriculture/B.Sc. Home Science, and their allied subject OR Any 4 year Graduate Degree in Environmental Engineering/Science .	**E**
203	Master of Library Sciences	1	3	13800/–	Bachelor of Library and information Science (BLIS)	H
205	Master of Journalism	2	4	7300/–	Graduation(स्नातक)	H
706	कम्प्यूटर विज्ञान Computer Science	2	4	12800/–	Bachelor degree with Computer Science/Information Technology/	E

	(MSc. CS.)				Computer applications	
703	Computer Application (MCA)	2	4	15800/-	BCA/ Bachelor Degree in Computer Science from a recognized University **OR** Graduation with additional equivalent Degree like 1 year Diploma/ PGDCA diploma from UGC recognised University or A-Level from DOEACC	E
702	Business Administration (MBA)	2	4	16800/-	Graduation in any Discipline with 50% Marks (45% Marks for the SC/ST Condidates) Or Three years Managerial / Supervisory or Working Experience after completing Graduation in any Discipline.	E

* MA(English) अंग्रेजी माध्यम * MA(Statistics) अंग्रेजी माध्यम

एक वर्षीय डिप्लोमा कार्यक्रमों का विवरण :–

कार्यक्रम कोड Prog. Code	कार्यक्रम का नाम Name of the programme	अवधि Duration		प्रवेश शुल्क (प्रतिवर्ष) Admission Fee	प्रवेश हेतु न्यूनतम अर्हता Minimum Qualification for Admission	अध्ययन सामग्री का माध्यम	वार्षिक / **सेमेस्टर**
		Min.	Max.				
301	स्वास्थ्य शिक्षा एवं पोषण Health Education and Nutrition [DHEN] **स्थगित**	1	3	**4200/–**	10+2+ other	H/E	वार्षिक
303	ग्रामीण विकास Rural Development [DRD]	1	3	**3600/–**	10+2+ other	H/E	वार्षिक
304	डायटेटिक्स एवं न्यूट्रीशन Dietetics and Nutrition [DCDN] **स्थगित**	1	3	**4600/–**	10+2+ other	E	वार्षिक
305	प्रारम्भिक बाल्यावस्था परिचर्या एवं शिक्षा Early Childhood Care and Education [DECE]	1	3	**3600/–**	10+2+ other	H/E	वार्षिक
986	योग Yoga [DYO]	1	3	**5200/–**	10+2	H	वार्षिक
1152	कर्मकाण्ड (DKK)	1	3	**4600/–**	10+2 (इण्टर या समकक्ष स्तर पर संस्कृत एक विषय के रूप में अध्ययन किया गया हों)	H	वार्षिक
1154	Disaster Management (DDM)	1	3	**4800/–** .	10+2	H	**सेमेस्टर**
157	Human Resource Management (DHRM)	1	3	**4800/–**	10+2	E	**सेमेस्टर**

1163	Diploma in Museology	1	3	12000/–	10+2	H/E	वार्षिक

बी0ए0 एकल विषय में प्रमाण–पत्र कार्यक्रम का विवरण :–

कार्यक्रम कोड Prog. Code	कार्यक्रम का नाम Name of the programme	अवधि Duration		प्रवेश शुल्क (प्रतिवर्ष) Admission Fee	प्रवेश हेतु न्यूनतम अर्हता / Minimum Qualification for Admission	अध्ययन सामग्री का माध्यम
		Min.	Max.			
1102	कला Arts-CSS (Hindi, English, Political Science, History, Economics, Public Administration, Sociology, Sanskrit, Philosophy, Urdu, Education, Ancient History)	1 Year	2 Year	2800/–	Bachelor Degree	H

प्रमाण–पत्र कार्यक्रमों का विवरण :–

कार्यक्रम कोड Prog. Code	कार्यक्रम का नाम Name of the programme	अवधि Duration (Years)		प्रवेश शुल्क (प्रतिवर्ष) Admission Fee	प्रवेश हेतु न्यूनतम अर्हता Minimum Qualification for Admission	अध्ययन सामग्री का माध्यम
		Min.	Max.			
406	शिशु पालन एवं पोषण Child Care and Nutrition [CCCN] **स्थगित**	1/2	2	1000/–	10+2+ other	H/E
407	पोषण एवं आहार Nutrition and Food [CNF] **स्थगित**	1/2	2	1000/–	10+2+ other	H/E
409	मानवाधिकार Human Rights (CHR)	1/2	2	1000/–	10+2+ other	H/E
414	महिला सशक्तिकरण एवं विकास Women Empowerment and Development [CWED]	1/2	2	2000/–	10+2+ other	H/E
426	ग्रामीण पत्रकारिता एवं जनसंचार Rural Journalism and Mass Communication [CRJMC]	1/2	2	1000/–	10+2	H
505	कम्प्यूटर Computer Course (CCC)	1/2	2	3300/–	10+2 or 3 years diploma of Board of Technical Education or equivalent or Two year ITI programme of any Trade after 10th Std.	E
959	व्यावहारिक सांख्यिकी और	1/2	2	1000/–	10+2+ other	E

	कम्प्यूटर Applied Statistics and Computer (CASC)					
1155	DISASTER MANAGEMENT (CDM)	1/2	2	1000/–	10+2+ other	H/E
1101	Goods & Service Tax (CGST)	1/2	2	1400/–	10+2+ other	H/E (Online)
1162	कुम्भ अध्ययन Kumbh Studies (CKS)	1/2	2	1000/–	10+2	H
245	बाल विकास एवं पोषण शिक्षा Child Development and Nutrition Education **स्थगित**	1/2	2	1000/–	10	H
415	योग में प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम Certificate Course in Yoga [CCY]	1/2	2	3000/–	10+2	H

नॉन–क्रेडिट जागरूकता कार्यक्रमों का विवरण :–

कार्यक्रम कोड Prog. Code	कार्यक्रम का नाम Name of the programme	अवधि Duration		प्रवेश शुल्क (प्रतिवर्ष) Admission Fee	प्रवेश हेतु न्यूनतम अर्हता/ Minimum Qualification for Admission	अध्ययन सामग्री का माध्यम
		Min.	Max.			
801	पंचायतीराज जागरूकता कार्यक्रम Awareness Programme in Panchyati Raj [APPR]	3 Months	1 Year	900/–	8th Standard Pass	H/E
805	शिशु पालन एवं पोषण में जागरूकता कार्यक्रम Awareness Programme in Child Care and Nutrition [APCCN] **स्थगित**	3 Months	1 Year	1200/–	High School or Equivalent	H/E
806	पोषण एवं आहार में जागरूकता कार्यक्रम Awareness Programme in Nutrition and Food [APNF] **स्थगित**	3 Months	1 Year	1000/–	High School or Equivalent	H/E
1111	कुम्भ–दर्शन में जागरूकता कार्यक्रम (ए.पी.केडी.) Awareness Programme in Kumbh Darshan (APKD)	3 Months	1 Year	1000/–	10+2+ other	H
1117	Awareness Programme in Citizenship Amendment Act (CAA)	3 Months	1 Year	700/–	10+2+ other	H

1118	Awareness Programme on COVID-19 (APCO-19)	3 Months	1 Year	700/–	10+2+ other	H

 # H- Hindi (हिन्दी), E- English (अंग्रेजी), * P.A.- Per Annum

प्रवेश परीक्षा पर आधारित कार्यक्रमों का विवरण :–

क्रम सं.	कार्यक्रम का नाम Name of the programme	अवधि Duration		माध्यम Medium of Instruction (H/E)	प्रवेश शुल्क (प्रतिवर्ष) Admission Fee	प्रवेश हेतु न्यूनतम अर्हता Minimum Qualification for Admission	अध्ययन सामग्री का माध्यम
		Min.	Max.				
1	बी0एड0 (B.Ed. ODL)	2 Year	5 Year	हिन्दी	17300/-	विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध	H
2	बी0एड0 (विशिष्ट शिक्षा) (B.Ed. (SE) ODL)	2 Year 06 Month	5 Year	हिन्दी	18800/-		
3	एम0ए0 योग (MA-Yoga)	2 Year	4 Year	हिन्दी	8800/-	स्नातक (किसी भी विषय में) तथा दो माह का योग में प्रमाण पत्र/योग में स्नातक/स्नातक में कम से कम एक पेपर योग से सम्बन्धित	H

नोट :–

1. उपरोक्त सभी कार्यक्रम का विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं सम्बन्धित विद्याशाखा/विभाग से प्राप्त की जा सकती है।
2. प्रवेश शुल्क के अतिरिक्त परीक्षा शुल्क (रू0 150/– प्रति प्रश्न पत्र) अतिरिक्त से देय होगा।
3. परीक्षा केन्द्र परिवर्तन शुल्क रू रु. 800/– अतिरिक्त से देय होगा।

4
शैक्षिक कैलेण्डर : प्रवेश एवं परीक्षा व्यवस्था

जुलाई सत्र (01 जुलाई– 30 सितम्बर)

4.1 (अ) सेमेस्टर एवं वार्षिक परीक्षा प्रणाली पर आधारित प्रवेश एवं शैक्षिक क्रियाकलापों की रूपरेखा

क्र. सं.	प्रवेश एवं शैक्षिक क्रियाकलाप	सेमेस्टर प्रणाली	वार्षिक प्रणाली
1	प्रवेश सूचना विवरणिका की अध्ययन केन्द्रों पर ऑन लाइन उपलब्धता एवं ई–आवेदन पत्र।	वर्ष पर्यन्त	वर्ष पर्यन्त
2	पाठ्य–सामग्री उपलब्ध कराने का माध्यम व समय	अर्ह शिक्षार्थियों को प्रवेश के उपरान्त पाठ्य–सामग्री डाक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। पाठ्य सामग्री की प्राप्ति से सम्बन्धित जानकारी के लिए शिक्षार्थी को सामग्री मुद्रण एवं वितरण विभाग से सम्पर्क बनाये रखना होगा।	
3	अधिन्यास प्रश्नपत्र प्राप्त कराने का माध्यम	शिक्षार्थी अपने से सम्बन्धित अधिन्यास प्रश्न–पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर प्राप्त करेंगे। । **www.uprtou.ac.in**	
4	परामर्श सत्र संचालन हेतु प्रस्तावित माह।	विषम सेमेस्टर – अक्टूबर–नवम्बर सम सेमेस्टर – मार्च–अप्रैल	अक्टूबर–नवम्बर मार्च–अप्रैल
5	शिक्षार्थियों द्वारा अध्ययन केन्द्र पर अधिन्यास पुस्तिका जमा करने की तिथि।	विषम सेमेस्टर – 31 अक्टूबर सम सेमेस्टर – 31 मार्च	31 मार्च
6	शिक्षार्थियों को प्रतिपुष्टि हेतु मूल्यांकित अधिन्यास पुस्तिका वापस करने का माह।	विषम सेमेस्टर – दिसम्बर सम सेमेस्टर – मई	मई
7	शिक्षार्थियों द्वारा परियोजना/लघु शोध कार्य अध्ययन केन्द्रों पर जमा करने की अन्तिम तिथि।	विषम सेमेस्टर – 30 नवम्बर सम सेमेस्टर – 30 अप्रैल	30 अप्रैल
8	परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि।	31 अक्टूबर एवं 30 अप्रैल	30 अप्रैल
9	परीक्षा प्रारम्भ होने की प्रस्तावित तिथि।	15 दिसम्बर एवं 01 जून	01 जून
10	परीक्षा परिणाम घोषित करने का प्रस्तावित समय।	फरवरी का अन्तिम सप्ताह एवं अगस्त का अन्तिम सप्ताह	अगस्त का अन्तिम सप्ताह

शैक्षिक कैलेण्डर एवं परीक्षा व्यवस्था

जनवरी सत्र (1जनवरी –31 मार्च)

4.1 (ब) सेमेस्टर एवं वार्षिक परीक्षा प्रणाली पर आधारित प्रवेश एवं शैक्षिक क्रियाकलापों की रूपरेखा

क्र. सं.	प्रवेश एवं शैक्षणिक क्रियाकलाप	सेमेस्टर प्रणाली	वार्षिक प्रणाली
1	प्रवेश सूचना विवरणिका की अध्ययन केन्द्रों पर ऑन लाइन उपलब्धता एवं ई–आवेदन पत्र।	वर्ष पर्यन्त	वर्ष पर्यन्त
2	पाठ्य–सामग्री उपलब्ध कराने का माध्यम।	अर्ह शिक्षार्थियों को प्रवेश के उपरान्त पाठ्य–सामग्री डाक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। पाठ्य सामग्री की प्राप्ति से सम्बन्धित जानकारी के लिए शिक्षार्थी को सामग्री मुद्रण एवं वितरण विभाग से सम्पर्क बनाये रखना होगा।	
3	अधिन्यास प्रश्नपत्र प्राप्त कराने का माध्यम	शिक्षार्थी अपने से सम्बन्धित अधिन्यास प्रश्न–पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर प्राप्त करेंगे। **www.uprtou.ac.in**	
4	परामर्श सत्र संचालन हेतु प्रस्तावित माह।	विषम सेमेस्टर – मार्च–अप्रैल सम सेमेस्टर–अक्टूबर–नवम्बर	मार्च–अप्रैल अक्टूबर–नवम्बर
5	शिक्षार्थियों द्वारा अध्ययन केन्द्र पर अधिन्यास पुस्तिका जमा करने की तिथि।	विषम सेमेस्टर – 31 मार्च सम सेमेस्टर – 31 अक्टूबर	31 अक्टूबर
6	शिक्षार्थियों को प्रतिपुष्टि हेतु मूल्यांकित अधिन्यास पुस्तिका वापस करने का माह।	विषम सेमेस्टर – मई सम सेमेस्टर – दिसम्बर	दिसम्बर
7	शिक्षार्थियों द्वारा परियोजना/लघु शोध कार्य अध्ययन केन्द्रों पर जमा करने की अन्तिम तिथि।	विषम सेमेस्टर – 30 अप्रैल सम सेमेस्टर – 30 नवम्बर	30 नवम्बर
8	परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि।	30 अप्रैल एवं 31 अक्टूबर	31 अक्टूबर
9	परीक्षा प्रारम्भ होने की प्रस्तावित तिथि।	01 जून एवं 15 दिसम्बर	15 दिसम्बर
10	परीक्षा परिणाम घोषित करने का प्रस्तावित समय।	अगस्त का अन्तिम सप्ताह एवं फरवरी का अन्तिम सप्ताह	फरवरी का अन्तिम सप्ताह

4.2 परीक्षा एवं मूल्यांकन व्यवस्था–

(1) इस विश्वविद्यालय के किसी भी कार्यक्रम में प्रवेश लेने वाले प्रत्येक छात्र को आनलाईन परीक्षा फार्म भरने के बाद ही परीक्षा में बैठने की अनुमति प्राप्त होगी जिस हेतु **150 रू0 प्रति प्रश्न पत्र** देना होगा। परीक्षार्थी एक बार मे कुल 60 केडिट (अधिकतम) के प्रश्न पत्र की परीक्षा दे पायेगें। शिक्षार्थियों के कार्यक्रम शुल्क

में परीक्षा शुल्क सम्मिलित नहीं होता है। कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित अवधि में परीक्षा छूट जाने पर परीक्षार्थियों को प्रत्येक प्रश्न पत्र के लिए ऑन लाइन फार्म भरना होगा और उन्हें भी **प्रति प्रश्न पत्र 150/–** जमा करना होगा।

1.	परीक्षा शुल्क	150 रूपया	प्रति प्रश्न पत्र (अन्तिम तिथि तक)
2.	चुनौती मूल्यांकन	300 रू0 प्रथम चरण शुल्क	प्रति प्रश्न पत्र (उ0 प्र0 सरकार के आदेशानुसार)
		2500.रू0 द्वितीय चरण शुल्क	
3.	पंजीकरण शुल्क	500 रू0	प्रत्येक प्रवेशार्थी हेतु।
4.	अंक सुधार	–	कोई प्रावधान नहीं है।
5.	अनुत्तीर्ण छात्र		150 रू0 प्रति प्रश्न पत्र जमा करना होगा
6.	अंकतालिका की द्वितीय प्रति प्राप्त करने हेतु	300 रू0 प्रति अंक–तालिका	प्रति अंक–पत्र,/10 रू0 के स्टाम्प पर शपथपत्र /एफ.आई. आर. प्रति
7.	उपाधि की द्वितीय प्रति	500 रू0	प्रति उपाधि, 10 रू0 के स्टाम्प पर उपाधि अप्राप्त का एक शपथ पत्र/उपाधि के खो जाने की स्थिति में एफ. आई. आर. प्रति
8.	कार्यक्रमानुसार प्रथम व द्वितीय वर्ष की अंकतालिका प्राप्त करने का शुल्क	रू.200.00 प्रति अंक–पत्र	प्रति अंक–पत्र
9.	सेमेस्टर परीक्षा एवं वार्षिक परीक्षा पूर्ण रूपेण छोड़ देने की स्थिति में	150 रू0 प्रति प्रश्न पत्र	अधिकतम 60 केडिट की परीक्षा एक बार में दी जा सकेगी ।
10.	परीक्षा केन्द्र परिवर्तन हेतु आवेदन	800/– रूपया	परीक्षा प्रारम्भ होने के एक माह पूर्व परीक्षा कार्यालय को प्राप्त कराना अनिवार्य होगा।
11.	सेमेस्टर प्रणाली की प्रस्तावित परीक्षा तिथि	––	जुलाई सत्र – 1जून जनवरी सत्र – 15 दिसम्बर
12.	वार्षिक प्रणाली की प्रस्तावित परीक्षा तिथि	–––	जुलाई सत्र – 1जून जनवरी सत्र – 15 दिसम्बर
13.	अधिन्यास कार्य	–––	स्नातक, स्नातकोत्तर, एकल विषय में एक–वर्षीय प्रमाण–पत्र कार्यक्रम एवं नॉन–क्रेडिट जागरूकता कार्यक्रमों में अनिवार्य, अन्य कार्यक्रमों में आवश्यक नहीं है।
14.	अधिन्यास मूल्यांकन		30 अंकों में
15.	सत्रांत मूल्यांकन		70 अंकों में
16.	परियोजना कार्य का मूल्यांकन	मूल्यांकन	100 अंकों में (**MBA,MCA,BED,SPBED** कार्यकम को छोडकर)
17.	प्रयोगात्मक कार्य	कार्यक्रम की प्रकृति के अनुसार	कार्यक्रम के लिए अनुमन्य क्रेडिट के अनुसार निर्धारित।
18.	शिक्षार्थी को निम्नानुसार ग्रेड आबंटित किये जायेंगेः–		

	Letter Grade	Grade Point	% Range
	O (Outstanding)	10	90+
	A+ (Excellent)	9	80+
	A (Very Good)	8	70+
	B+ (Good)	7	60+
	B (Above Average)	6	50+
	C (Average)	5	40+
	P (Pass)	4	36+
	NC (Not Complited)	0	<36
	Ab (Absent)	0	

2, शिक्षार्थी द्वारा जमा शुल्क उस सत्र में आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए अनुमन्य होगा, जिसका उल्लेख शिक्षार्थी द्वारा ऑन लाइन परीक्षा फार्म भरते समय किया जायेगा। यदि शिक्षार्थी ने प्रवेश फार्म भरा है और परीक्षा हेतु अर्ह है किन्तु किसी निजी कारण से पूर्ण परीक्षा अथवा आंशिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं होता है, तो उसे पुनः पूरी अथवा अवशेष परीक्षा देने के लिए परीक्षा फार्म भरना होगा और **150/प्रति प्रति प्रश्न पत्र** जमा करना होगा तथा परीक्षा शुल्क पुनः जमा करना होगा। सत्रीय कार्य (अधिन्यास कार्य) भी नियमानुसार पूरा करना होगा। पूर्व में जमा फीस मान्य नहीं होगी।

3. घोषित परीक्षाफल एवं निर्गत अंकतालिका में भिन्नता होने की दशा में उपलब्ध परीक्षा अभिलेख के आधार पर विनिश्चिय ही मान्य होगा।

4.परीक्षा में वही छात्र सम्मिलित होने के लिए अर्ह होंगे जिन्होंने परीक्षा में सम्मिलित होने की सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली हैं।

5. सत्रांत परीक्षा की उत्तर–पुस्तिकाओं में प्रदत्त अंको की **चुनौती मूल्यांकन** पुनर्गणना (संवीक्षा) की जा सकती हैं इसके लिए **300/–रु. प्रति प्रश्न पत्र** की दर से प्रथम चरण में तथा **2500/रू0 की दर से द्वितीय चरण** में परीक्षाफल घोषित होने की तिथि से एक माह के अन्दर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जा सकता हैं। यह शुल्क जो **'वित्त अधिकारी, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज'** के पक्ष में देय हो, स्वीकार किया जाएगा।

6. यदि कोई शिक्षार्थी अपने द्वारा चयनित कार्यक्रम के किसी भी प्रश्न पत्र की परीक्षा मे असफल हो जाता है या किन्हीं कारणों से परीक्षा छोड़ देता है तो उसे वह पुनः परीक्षा फार्म भर के परीक्षा देनी होगी। परन्तु परीक्षा समय–सारणी में वर्तमान सेमेस्टर एवं गत सेमेस्टर के किसी प्रश्न पत्र की परीक्षा का समय एक साथ पड़ जाने की जिम्मेदारी विश्वविद्यालय की नहीं होगी।

विशेष :– जुलाई सत्र 2024–25 से, B.Ed, B.Ed (SE) **एवं प्रमाण पत्र कार्यक्रमों को छोड़कर शेष सभी स्नातक व परास्नातक कार्यक्रमों की दोनों सेमेस्टर की परीक्षाएं एक साथ भी करायी जा सकती हैं, लेकिन इनके अधिन्यास/प्रायोगिक व प्रोजेक्ट कार्य पूर्व की भाँति NEP 2020 के अनुरुप, सेमेस्टर वार निश्चित समयावधि में जमा कराना अनिवार्य होगा।**

संलग्नक–1

चुनौती मूल्यांकन
(Challenge Evaluation)

चुनौती मूल्यांकन (Challenge Evaluation) दो चरणों में होगा–

1. मूल्यांकित मूल उत्तर पुस्तिका की संचरित प्रति (scanned copy) देखने की सुविधा
2. मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका का अवलोकन करने के उपरान्त और मूल्यांकन से असंतुष्ट होने पर पूनर्मूल्यांकन हेतु आवेदन करने की सुविधा

आवेदन अवधि –

चुनौती मूल्यांकन (Challenge Evaluation) के प्रथम चरण के लिए परीक्षार्थी परीक्षाफल घोषित होने के 30 (तीस) दिन के अन्दर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

चुनौती मूल्यांकन के प्रथम चरण का शुल्क –

चुनौती मूल्यांकन (Challenge Evaluation) के प्रथम चरण के लिए सभी पाठ्यक्रम के परीक्षार्थी को आवेदन शुल्क रू0 300/– प्रति प्रश्नपत्र ऑनलाइन जमा करना होगा।

उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध करवाने के संबंध में –

1. आवेदन के उपरान्त परीक्षार्थी को मूल्यांकित मूल उत्तर पुस्तिका की संचरित प्रति (scanned copy) अवलोकन हेतु ऑनलाइन उपलब्ध करवायी जा सकती है।
2. परीक्षार्थी द्वारा मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका का अवलोकन करने के उपरान्त और मूल्यांकन से असंतुष्ट होने पर चुनौती मूल्यांकन (Challenge Evaluation) के दूसरे चरण के लिए आवेदन कर सकते है।

आवेदन अवधि –

चुनौती मूल्यांकन (Challenge Evaluation) के दूसरे चरण के लिए परीक्षार्थी परीक्षाफल घोषित होने के 45 (पैंतालिस) दिन के अन्दर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

चुनौती मूल्यांकन के दूसरे चरण का शुल्क –

चुनौती मूल्यांकन (Challenge Evaluation) के दूसरे चरण के लिए सभी पाठ्यक्रम के परीक्षार्थी को आवेदन शुल्क रू0 2500/– प्रति प्रश्नपत्र ऑनलाइन जमा करना होगा।

चुनौती मूल्यांकन की प्रक्रिया –

1. प्रत्येक प्रश्न पत्र के चुनौती मूल्यांकन के दूसरे चरण हेतु कम से कम 4 (चार) विषय विशेषज्ञों/ परीक्षकों की एक नामावली (Panel) संबंधित विभागाध्यक्ष के माध्यम से परीक्षा नियंत्रक द्वारा कुलपति को प्रस्तुत की जाए।
2. चुनौती मूल्यांकन (Challenge Evaluation) के लिए प्रस्तुत उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन उपर्युक्त नामावली में से नामित किन्ही दो विषय विशेषज्ञों/ परीक्षकों द्वारा करवाया जाए।
3. विषय विशेषज्ञ/ परीक्षक को नामित करने का कार्य सम्बन्धित विश्वविद्यालय के कुलपति अथवा इस सम्बन्ध में कुलपति द्वारा गठित समिति द्वारा किया जाए।
4. चुनौती मूल्यांकन (Challenge Evaluation) के लिए उत्तर पुस्तिका को विषय विशेषज्ञ/ परीक्षक के सम्मुख उपस्थित करने से पहले मूल परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक/अंकों का विवरण छिपा दिया जाए।

5

विश्वविद्यालय की कार्य प्रणाली

5.1 विश्वविद्यालय की स्थापना

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की स्थापना उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, अधिनियम 1999 उत्तर प्रदेश, (अधिनियम संख्या 10, 1999) के अन्तर्गत हुई। इस विश्वविद्यालय को दूरस्थ शिक्षा योजना के अन्तर्गत एक मुक्त विश्वविद्यालय बनाया गया, जिससे पूरे प्रदेश में सुनियोजित ढंग से उच्च शिक्षा का प्रचार एवं प्रसार दूरस्थ प्रणाली के माध्यम से संचालित हो सके। विश्वविद्यालय का प्रथम शैक्षणिक सत्र जुलाई, 1999 से प्रारम्भ हुआ।

5.2 विश्वविद्यालय की स्थापना का उद्देश्य

विश्वविद्यालय दूरस्थ शिक्षा पद्वति के माध्यम से अधिसंख्य जनसमुदाय में शिक्षा और ज्ञान के प्रसार में अभिवृद्धि करेगा और अपने क्रियाकलापों को संचालित करने में अनुसूची में विनिर्दिष्ट उद्देश्यों का सम्यक् ध्यान रखेगा।

5.3 मुक्त विश्वविद्यालय की विशेषताएँ

(i) शिक्षा व्यवस्था पूर्णतया शिक्षार्थी केन्द्रित है।

(ii) किसी भी कार्यक्रम के अन्तर्गत पाठ्यक्रम के चयन में शिक्षार्थी के लिए अनेक विकल्प उपलब्ध हैं अर्थात पाठ्यक्रम के चयन में एक लचीलापन अन्तर्निहित है।

(iii) प्रत्येक शिक्षार्थी को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अध्ययन/सम्पक्र/कार्यक्रम केन्द्र पर उपलब्ध कार्यक्रमों में से कार्यक्रम चयन की सुविधा उपलब्ध है।

(iv) मुक्त विश्वविद्यालय के किसी कार्यक्रम के प्रवेशार्थी अन्य किसी विश्वविद्यालय में भी छात्र रह सकते हैं, परन्तु छात्र को अन्य संस्था में अध्ययनरत रहने की सम्पूर्ण सूचना विश्वविद्यालय को देनी अनिवार्य है।

(v) सरकारी अथवा गैरसरकारी संस्था में सेवारत रहते हुए पठन–पाठन कर सकते है, परन्तु उन्हें उस संस्था में सेवारत रहने की सम्पूर्ण सूचना विश्वविद्यालय को देनी आवश्यक है।

(vi) इस प्रणाली में निर्धारित पाठ्यक्रम को एक न्यूनतम अवधि से लेकर अधिकतम अवधि के बीच में पूरा करने का प्रावधान है।

(vii) उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के किसी कार्यक्रम के प्रवेशार्थी/शिक्षार्थी अन्य विश्वविद्यालय में भी छात्र रह सकते हैं, परन्तु उसी प्रकृति अर्थात् उसी स्तर के उपाधि, डिप्लोमा एवं प्रमाण पत्र के कार्यक्रम में प्रवेश नहीं ले सकते हैं। दूरस्थ शिक्षा पद्धति अथवा दूरस्थ एवं परम्परागत शिक्षा पद्धति से किसी विश्वविद्यालय अथवा विभिन्न विश्वविद्यालयों/संस्थाओं में कोई भी अध्ययनरत शिक्षार्थी निम्न संयोजन के अनुसार कार्यक्रमों में प्रवेश लेने का विकल्प चुन सकता है :–

1. **एक डिग्री एवं एक डिप्लोमा/परास्नातक /प्रमाण–पत्र कार्यक्रम**
2. **एक डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र कार्यक्रम**
3. **एक डिप्लोमा एवं एक प्रमाण–पत्र कार्यक्रम**

नोटः अन्य विश्वविद्यालय में नामांकित शिक्षार्थी को अध्ययनरत रहने की सम्पूर्ण सूचना विश्वविद्यालय को देनी अनिवार्य होगी।

5.4 विश्वविद्यालय का मुख्यालय :

वर्तमान समय में विश्वविद्यालय का मुख्यालय तीन परिसरों में अवस्थित है–

(क) **विश्वविद्यालय का मुख्य परिसर (गंगा परिसर) –** वर्तमान में विश्वविद्यालय का मुख्य परिसर शान्तिपुरम्

(सेक्टर–एफ), फाफामऊ, प्रयागराज में स्थित है। इस परिसर में कुलपति, कुलसचिव, उप कुलसचिव, वित्त अधिकारी एवं परीक्षा नियंत्रक का कार्यालय, प्रवेश अनुभाग, पाठ्य–सामग्री अनुभाग, परामर्श प्रकोष्ठ, प्लेसमेण्ट सेल, शिकायत निवारण प्रकोष्ठ, नवाचार प्रकोष्ठ, मीडिया–सेन्टर, अतिथि गृह, जलपान–गृह, स्वास्थ्य केन्द्र, बैंक आफ बड़ौदा की शाखा, पोस्ट–आफिस और माननीय कुलपति जी का आवास स्थित है।

(ख) **विश्वविद्यालय का शैक्षणिक परिसर (सरस्वती परिसर)–** इस परिसर में शिक्षा विद्याशाखा, मानविकी विद्याशाखा, समाज विज्ञान विद्याशाखा, विज्ञान विद्याशाखा, स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा, प्रबंधन अध्ययन विद्याशाखा, कम्प्यूटर एवं सूचना विज्ञान विद्याशाखा, व्यावसायिक अध्ययन विद्याशाखा, कृषि विज्ञान विद्याशाखा, याज्ञवल्क्य पुस्तकालय–वाचनालय, कम्प्यूटर प्रयोगशाला, आडियो–विजुअल लैब, स्मार्ट क्लास एवं शोध अनुभाग स्थित हैं। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित गोष्ठियों, कार्यशालाओं एवं अन्य पाठ्य–सहगामी क्रियाओं के आयोजन के लिए अत्याधुनिक संसाधनों से सुसज्जित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार भी है।

(ग) **विश्वविद्यालय का यमुना परिसर :–** इस परिसर में विश्वविद्यालय के अध्यापकों एवं कर्मचारियों का आवास है तथा अधिकारियों के आवास निर्माण की प्रक्रिया में हैं। विश्वविद्यालय का प्रयागराज क्षेत्रीय केन्द्र सह अध्ययन केन्द्र **(कोडः S–005)** भी स्थित है।

5.5 विश्वविद्यालय की विद्याशाखाएँ

1.मानविकी विद्याशाखा

2.समाज विज्ञान विद्याशाखा

3.विज्ञान विद्याशाखा

4.शिक्षा विद्याशाखा

5.कम्प्यूटर एवं सूचना विज्ञान विद्याशाखा

6.प्रबन्धन अध्ययन विद्याशाखा

7.स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा

8.व्यावसायिक अध्ययन विद्याशाखा

9.कृषि विज्ञान विद्याशाखा

5.6 आरक्षण

जिन कार्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा के आधार पर प्रवेश की व्यवस्था है। उनमें आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को शासन द्वारा निर्धारित आरक्षण नियमों के अनुसार प्रवेश दिया जायेगा। जिन कार्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा की व्यवस्था नहीं है, वहाँ सभी वर्ग के अर्ह अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जायेगा। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वे प्रवेश आवेदन फार्म भरते समय ही अपने वर्ग का ऑन लाइन प्रवेश फार्म में निर्धारित स्थान पर स्पष्ट उल्लेख करें और सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण–पत्र एवं आय प्रमाण–पत्र (राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित तथा स्वहस्ताक्षरित) संलग्न करें।

5.7 विवाद

शिक्षार्थी और विश्वविद्यालय के बीच किसी भी विवाद के मामले में मुकदमे का क्षेत्र प्रयागराज नगर होगा। किसी भी प्रकरण से सम्बन्धित विवादों के निस्तारण एवं सुनवाई हेतु शिक्षार्थी प्रवेश तिथि एवं परीक्षा से सम्बन्धित प्रकरण के निस्तारण हेतु 1 वर्ष के अन्दर ही अपना पक्ष प्रस्तुत करें। 1 वर्ष के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

5.8 पाठ्य सामग्री का वितरण

ऑनलाइन प्रवेश आवेदन फार्म पूरित करते समय शिक्षार्थी को स्व–अध्ययन सामग्री प्रेषण हेतु आवेदन पत्र में

शिक्षार्थी का नाम, कार्यक्रम का नाम, चुने हुए प्रश्नपत्रों का विवरण, माध्यम, शुल्क विवरण, अध्ययन केन्द्र का नाम एवं अपना पता भी आवेदन पत्र में पूर्ण रूपेण पूरित करना अनिवार्य है। पाठ्य सामग्री छात्रों को पंजीकृत डाक के माध्यम से उपलब्ध करायी जाएगी। विश्वविद्यालय द्वारा प्रेषित पाठ्य सामग्री का जो भी माध्यम (हिन्दी/अंग्रेजी) उपलब्ध हो उसे स्वीकार करना होगा परन्तु शिक्षार्थी हिन्दी अथवा अंग्रेजी किसी भी माध्यम में परीक्षा देने के लिए स्वतंत्र हैं। **छात्रों से अपेक्षित है कि विलम्ब होने की स्थिति में वे अपनी पाठ्य सामग्री प्राप्त होने के सम्बन्ध मे सूचना वि0 वि0 साम्रगी मुद्रण एवं वितरण प्रकोष्ठ से प्राप्त करे। इस सत्र से प्रवेश लेने वाले सभी शिक्षार्थियों को स्व–अध्ययन सामग्री न लेने पर 15% की ट्यूशन फीस में छूट दी जायेगी।**

5.9 अध्ययन केन्द्र/सम्पर्क केन्द्र की कार्यप्रणाली

प्रत्येक अध्ययन/सम्पर्क केन्द्र पर एक केन्द्र समन्वयक होता है। जो उस केन्द्र के प्राचार्य के नियंत्रण में केन्द्र का संचालन करता है तथा पठन–पाठन, विचार–विनिमय, पुस्तकालय, ऑडियो एवं वीडियो कैसेट आदि की व्यवस्था विश्वविद्यालय के नियमों एवं निर्देशों के अनुसार करता है। समन्वयक द्वारा ही शिक्षार्थी को सूचना, मार्गदर्शन तथा अध्ययन से सम्बन्धित अन्य जानकारी समय–समय पर उपलब्ध कराई जाती है। समन्वयक द्वारा ही परामर्श सत्र एवं अन्य शैक्षिक क्रिया–कलापों की समय–सारणी घोषित की जाती है। प्रवेश के उपरान्त छात्रों को किसी भी सूचना के लिए अपने केन्द्र समन्वयक से सम्पक्र करना चाहिए। प्रदेश के प्रत्येक अध्ययन केन्द्र/सम्पक्र केन्द्र पर पठन–पाठन एवं शिक्षार्थी–परामर्शदाता सम्पक्र की ऐसी व्यवस्था की गयी है, जिससे सरकारी एवं गैरसरकारी पेशा वाले एवं अन्य कार्य करने वाले व्यक्ति बिना किसी अवरोध के केन्द्र द्वारा निर्धारित समय–सारणी के अनुसार परामर्श सत्र/सम्पक्र सत्र के माध्यम से पठन–पाठन कर सकें। परामर्श सत्रों का संचालन विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारत मानकों के अनुरूप अनुभवी एवं योग्य परामर्शदाताओं द्वारा किया जाता है।

5.9.1 अध्ययन केन्द्र का आबंटन

उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों एवं अन्य रजिस्टर्ड संस्थाओं को इस विश्वविद्यालय का अध्ययन केन्द्र बनाया गया है। जिनकी सूची **परिशिष्ट–2** में दी गयी है और उसमें प्रत्येक केन्द्र पर संचालित कार्यक्रमों का उल्लेख किया गया है। यदि किसी अध्ययन केन्द्र द्वारा अध्ययन केन्द्र को संचालित करने में असमर्थता व्यक्त की जाती है। इन परिस्थितियों में यदि विश्वविद्यालय द्वारा केन्द्र बन्द कर दिया जाता है तो वहाँ पर नामांकित शिक्षार्थियों को निकटतम अध्ययन केन्द्र पर स्थानान्तरित कर दिया जायेगा बशर्ते उस केन्द्र पर जिन शिक्षार्थियों को स्थानान्तरित होना हो उसकी मान्यता विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत की गई हो अन्यथा की दशा में ऐसे केन्द्र जहाँ सम्बन्धित कार्यक्रम की मान्यता हो वहाँ स्थानान्तरित किया जायेगा। इसकी सूचना पत्र के माध्यम से शिक्षार्थियों को प्रेषित नहीं की जायेगी अपितु विश्वविद्यालय की वेबसाइट के सूचना लिंक से स्वयं प्राप्त करनी होगी। अध्ययन केन्द्र का चयन अभ्यर्थी द्वारा किया जायेगा। अभ्यर्थी स्वयं प्रवेश फार्म में अपने केन्द्र का उल्लेख करेगा और उसी के अनुसार केन्द्र आबंटित किया जायेगा।

5.9.2 अध्ययन केन्द्र में परिवर्तन

शिक्षार्थी को केन्द्र चयन में सुविधा दी गयी है इसलिए शिक्षार्थी द्वारा चयनित केन्द्र में परिवर्तन की माँग सामान्यतया स्वीकार नहीं की जायेगी। अध्ययन केन्द्र में परिवर्तन विशेष परिस्थितियों यथा–स्थानान्तरण, चिकित्सीय कारण एवं छात्राओं के विवाह होने अथवा किसी तक्र संगत कारण होने पर ही विचारणीय होगा। **जुलाई सत्र** के शिक्षार्थियों के लिए अध्ययन केन्द्र परिवर्तन **30 सितम्बर** एवं **जनवरी सत्र** के शिक्षार्थियों के लिए अध्ययन केन्द्र परिवर्तन **30 मार्च** तक ही अनुमन्य होंगे। अध्ययन केन्द्र परिवर्तन के लिए निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। **अध्ययन केन्द्र में परिवर्तन के लिए निर्धारित शुल्क रू. 1000/–** मात्र का ई–चालान (विश्वविद्यालय की प्रति) आवेदन पत्र के साथ सम्बन्धित अध्ययन केन्द्र के समन्वयक द्वारा अग्रसारित होने पर ही स्वीकार होगा। विशेष परिस्थिति में अध्ययन केन्द्र के परिवर्तन के सम्बन्ध में माननीय कुलपति जी बिना अग्रसारित आवेदन पत्र पर आदेश दे सकते हैं।

विषेष : नये स्थापित अध्ययन केन्द्रों पर द्वितीय/तृतीय वर्ष में स्थानान्तरण की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।

5.9.3 कार्यक्रम एवं विषय परिवर्तन (वैकल्पिक)

सामान्यतया, **जुलाई सत्र** के शिक्षार्थियों के लिए **30 अक्टूबर** एवं **जनवरी सत्र** के शिक्षार्थियों के लिए **30 मार्च** तक ही कार्यक्रम एवम् विषय परिवर्तन हेतु आवेदन पत्रों पर विचार किया जायेगा। निर्धारित तिथि के बाद इन आवेदन

पत्रों पर विचार नहीं किया जयेगा। **कार्यक्रम परिवर्तन के लिए रू. 1000/– मात्र तथा विषय परिवर्तन (वैकल्पिक) के लिए रू0 500/–** मात्र का ई–चालान जो **'वित्त अधिकारी उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज' के नाम पर देय हो,** वही स्वीकार किया जायेगा। इसके साथ ही पूर्व में प्राप्त पाठ्य सामग्री को **वि0 वि0 साम्रगी मुद्रण एवं वितरण प्रकोष्ठ** पर जमा करना होगा। पूर्व में प्राप्त पाठ्य–सामग्री को जमा करने का प्रमाण–पत्र केन्द्र समन्वयक द्वारा अग्रसारित होना चाहिए। अग्रसारित प्रमाण–पत्र प्राप्त न होने की दशा में आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

5.10 क्रेडिट पद्धति– (1 क्रेडिट = 30 घण्टे)

विश्वविद्यालय के प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए क्रेडिट पद्धति अपनाई गई है। क्रेडिट का अर्थ है कि एक क्रेडिट के अध्ययन में लगभग 30 घण्टे का समय लगेगा जिसके अन्तर्गत पाठ्य सामग्री का स्व–अध्ययन मनन, ऑडियों तथा वीडियो सामग्री का प्रयोग, सम्पक्र एवं परामर्श सत्र एवं अधिन्यास कार्य सभी सम्मिलित हैं। यदि किसी शिक्षार्थी को 8 क्रेडिट का कोई पाठ्यक्रम पूरा करना है तो उसके लिए उसे (8×30=240) 240 घण्टे का समय अध्ययन से सम्बन्धित गतिविधियों में देना चाहिए। विभिन्न कार्यक्रमों में क्रेडिट के निर्धारण की इस व्यवस्था के द्वारा प्रत्येक शिक्षार्थी को कितना परिश्रम अपने शैक्षिक कार्य को पूरा करने के लिए करना होगा, उसका आकलन शिक्षार्थी स्वयं कर सकता है। शिक्षार्थी को शैक्षिक कार्यक्रम के लिए निर्धारित क्रेडिट को पूरा करना होगा जिसमें उसके सैद्धान्तिक, प्रयोगात्मक एवं सत्रीय कार्य निहित हैं। परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए उसे सैद्धान्तिक परीक्षा, प्रयोगात्मक परीक्षा एवं सत्रीय कार्य में अलग–अलग उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

5.11 काउन्सिलिंग हेतु सामान्य मानक

1. सामान्य पाठ्यक्रमों/प्रश्नपत्रों के आठ क्रेडिट के कोर्स में 09 से 12, छह क्रेडिट के कोर्स में 06 से 09, चार क्रेडिट के कोर्स में 04 से 05 सम्पक्र कक्षाएँ (सत्र) आयोजित होंगी।
2. ऐसे पाठ्यक्रम जिनमें शिक्षार्थियों की संख्या 05 अथवा 05 से अधिक किन्तु 10 से कम हो, उनमें केवल 50 प्रतिशत काउन्सिलिंग कराने की व्यवस्था की जायेगी और यदि शिक्षार्थियों की संख्या 1 से 4 है तो 25 प्रतिशत परामर्श कक्षाएँ चलाई जायेंगी।
3. प्रमाण–पत्र कार्यक्रम जिनमें प्रयोगात्मक कार्य अनिवार्य है, को छोड़कर शेष प्रमाण–पत्र कार्यक्रमों में कोई काउन्सिलिंग न करायी जाए।
4. पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान से सम्बन्धित BLIS04 एवं BLIS05 तथा MLIS07 एवं MLIS08 के प्रयोगात्मक कार्यों के परामर्श सत्रों की संख्या निम्नवत होगी–

क्रम सं0	क्रेडिट	अनुमन्य परामर्श सत्रों की संख्या
1	4	5 के स्थान पर 7 सैद्धान्तिक परामर्श सत्रों सहित
2	6	9 के स्थान पर 12 सैद्धान्तिक परामर्श सत्रों सहित
3	8	12 के स्थान पर 15 सैद्धान्तिक परामर्श सत्रों सहित

5.12 प्रायोगिक एवं/ परियोजना (प्रोजेक्ट) / लघुशोध कार्य

जिन कार्यक्रम में प्रयोगात्मक एवं प्रोजेक्ट/लघुशोध कार्य निर्धारित हैं, उसकी व्यवस्था निर्धारित अध्ययन केन्द्रों पर ही की गयी है। प्रोजेक्ट/ लघुशोध कार्य का विषय छात्र द्वारा निर्देशक (सुपरवाइजर) की सहमति से इस प्रकार निर्धारित किया जायेगा कि प्रत्येक छात्र का प्रोजेक्ट/ लघुशोध विषय भिन्न–भिन्न रहे क्योंकि इसमें सामूहिकता का कोई प्रावधान नहीं है। निर्देशक का चयन निर्धारित मानकों के अनुसार समन्वयक की सहमति से किया जायेगा। परियोजना कार्य/ लघुशोध से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश इस प्रकार है :

(1) विश्वविद्यालय नियमानुसार यदि कोई छात्र अपना प्रोजेक्ट कार्य/ लघुशोध निर्धारित अवधि में अपने अध्ययन केन्द्र में जमा नहीं करता है, तब उसे प्रोजेक्ट सम्बन्धी/ लघुशोध होने वाली मौखिक परीक्षा/बाह्य मूल्यांकन

का प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किया जायेगा तथा परीक्षा प्रतिबन्धित कर दी जायेगी। ऐसे छात्रों को मौखिक परीक्षा/बाह्य मूल्यांकन हेतु पुनः परीक्षा फार्म भरना पड़ेगा। वर्तमान में यह शुल्क **150 रू. प्रति** (प्रति प्रोजेक्ट/ लघुशोध) प्रश्न पत्र है।

(2) प्रत्येक छात्र द्वारा चयनित परियोजना कार्य/ लघुशोध का विषय तथा निर्देशक (सुपरवाइजर) का नाम, पद, कार्यरत संस्था का नाम तथा पता सत्र प्रारम्भ होने के एक माह के भीतर विश्वविद्यालय को सूचित किया जाना चाहिए।

(3) प्रोजेक्ट कार्य/ लघुशोध का विषय वास्तविक जीवन की समस्याओं से सम्बन्धित होना चाहिए।

(4) प्रोजेक्ट कार्य की रिपोर्ट यथोचित चार्ट, रेखाचित्रों आदि से युक्त होनी चाहिए। विस्तार की दृष्टि से यह A–4 आकार में मुद्रित कम से कम 25 पृष्ठ का अवश्य हो।

(5) प्रत्येक प्रोजेक्ट/ लघुशोध रिपोर्ट के प्रारम्भ में शिक्षार्थी तथा निर्देशक के हस्ताक्षर अवश्य होने चाहिए तथा निर्देशक द्वारा मौलिक कार्य सम्बन्धी प्रमाण–पत्र लगाना अनिवार्य है।

(6) शिक्षार्थियों को प्रोजेक्ट कार्य का मुद्रण पाँच प्रतियों में करवाना होगा। चार प्रतियाँ अध्ययन केन्द्र पर जमा करनी होंगी और एक प्रति शिक्षार्थी अपने पास सुरक्षित रखेगा।

(7) प्रोजेक्ट कार्य/ लघुशोध के निर्देशक (सुपरवाइजर) हेतु अनिवार्य अर्हता, सम्बन्धित विषय में परास्नातक उपाधि है। निर्देशक से यह अपेक्षा की जाती है कि उसे उस विषय में पर्याप्त अनुभव हो और वह किसी योग्य पद पर कार्यरत हो अथवा अवकाश प्राप्त हो।

(8) प्रोजेक्ट/ लघुशोध का मूल्यांकन 100 अंकों में होगा (MBA, MCA, B.Ed. व B.Ed. Spl. कार्यक्रम को छोड़कर)। बाह्य मूल्यांकन हेतु यदि कुछ प्रोजेक्ट/ लघुशोध के साथ मौखिक परीक्षा की व्यवस्था है, तब इसका कार्यक्रम परीक्षा विभाग द्वारा घोषित किया जाता है तथा जिन प्रोजेक्ट/ लघुशोध में बाह्य मूल्यांकन के रूप में मौखिक परीक्षा की व्यवस्था नहीं है, ऐसे प्रोजेक्ट/ लघुशोध समन्वयक द्वारा निर्धारित तिथि तक विश्वविद्यालय को मूल्यांकन हेतु भेज देना अनिवार्य है।

(9) जुलाई सत्र के प्रथम सेमेस्टर तथा जनवरी सत्र के द्वितीय सेमेस्टर एवं जनवरी सत्र के वार्षिक आधार वाले कार्यक्रमों के शिक्षार्थियों के लिए प्रोजेक्ट कार्य जमा करने की अन्तिम तिथि **30 नवम्बर** एवं जनवरी सत्र के प्रथम सेमेस्टर तथा जुलाई सत्र के द्वितीय सेमेस्टर एंव जुलाई सत्र के वार्षिक आधार पर संचालित कार्यक्रमों हेतु प्रोजेक्ट कार्य जमा करने के लिए **30 अप्रैल** निर्धारित की गई है।

(10)प्रोजेक्ट कार्य में मार्ग दर्शन हेतु परामर्श सत्रों का प्रावधान नहीं है।

5.13 अधिन्यास कार्य

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्नातक एव स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रमों में तथा एकल विषय में प्रमाण–पत्र कार्यक्रमों में एवं नान क्रेडिट जागरूकता कार्यक्रमों में अधिन्यास कार्य अनिवार्य है। जबकि पूर्व वर्णित कार्यक्रमों को छोड़कर सभी डिप्लोमा एवं प्रमाण–पत्र कार्यक्रमों में अधिन्यास कार्य आवश्यक नहीं है।

अधिन्यास सम्बन्धी महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश :–

(अ) शिक्षार्थियों के लिए दिशा–निर्देश (MBA, MCA, BED, SPBED कार्यक्रमों को छोडकर)

(i) विश्वविद्यालय नियमानुसार यदि कोई शिक्षार्थी अपने प्रवेश सत्र की सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा के सापेक्ष अपना अधिन्यास/प्रोजेक्ट कार्य निर्धारित अवधि तक अपने अध्ययन केन्द्र पर जमा नहीं करता है, तो उसे सम्बन्धित प्रश्नपत्र की होने वाली सेमेस्टर/वार्षिक लिखित तथा मौखिक परीक्षा मे बैठने का **प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।**

(ii) अधिन्यास जमा करते समय प्रत्येक शिक्षार्थी को अध्ययन केन्द्र समन्वयक की हस्ताक्षर युक्त अधिन्यास जमा करने की प्राप्ति रसीद (RECEIVING SLIP) अवश्य प्राप्त करनी चाहिए। रसीद पर दिनांक तथा जमा की गयी अधिन्यास उत्तर पुस्तिकाओं का विवरण होगा। भविष्य में अधिन्यास सम्बन्धी सन्दर्भ देने के लिए इसे सुरक्षित

रखें।

(iii) प्रत्येक अध्ययन केन्द्र पर जुलाई सत्र/जनवरी सत्र के प्रथम सेमेस्टर/जनवरी सत्र के द्वितीय सेमेस्टर व जनवरी सत्र के वार्षिक आधार वाले कार्यक्रमों हेतु **31 अक्टूबर तक तथा जनवरी सत्र के प्रथम सेमेस्टर/जुलाई सत्र के द्वितीय सेमेस्टर व जुलाई सत्र के वार्षिक आधार वाले कार्यक्रमों हेतु 31 मार्च** तक अधिन्यास जमा होंगे। अन्तिम तिथि के पश्चात् जमा की गयी अधिन्यास उत्तर पुस्तिकाओं को विलम्ब शुल्क के साथ विश्वविद्यालय मुख्यालय प्रयागराज स्थित परीक्षा विभाग में ही स्वीकार की जायेगी।

(iv) अधिन्यास उत्तर पुस्तिका पर परीक्षकों द्वारा शिक्षार्थियों के performance के आधार पर उनके feedback हेतु टिप्पणी अनिवार्य रूप से लिखी जायेगी। इसके लिए निम्न कोडों का प्रयोग किया जायेगा :

- ❖ (A) सर्वोत्तम – (Excellent)
- ❖ (B) बहुत अच्छा – (Very Good)
- ❖ (C) अच्छा – (Good)
- ❖ (D) सराहनीय – (Satisfactory)(E) लेखन शैली सुधारे – (Improve Hand Writing)
- ❖ (F) बिन्दुवार लिखें – (Write to the point)

(v) **शिक्षार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय को सीधे प्रेषित अधिन्यास पुस्तिका (MBA,MCA ,कार्यक्रमों को छोडकर) किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जाएगी तथा इनका मूल्यांकन नहीं किया जायेगा। शिक्षार्थी अधिन्यास–पुस्तिका अपने अध्ययन केन्द्र पर ही जमा करें।**

(vi) शिक्षार्थी की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए सभी कार्यक्रमों के अधिन्यास प्रश्न–पत्रों को ऑन लाइन विश्वविद्याालय की वेबसाइट के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है।

(vii) छात्र अपना अधिन्यास स्वहस्तलिखित (Self Handwriting) प्रस्तुत करेगा। टंकण (Type) किया हुआ अधिन्यास मान्य नहीं होगा।

(viii) अधिन्यास लिखने हेतु विश्वविद्यालय ने एक उत्तर पुस्तिका प्रारूप निर्धरिता किया है, जिसे शिक्षार्थी को अपने अध्ययन केन्द्र समन्वयक से प्राप्त करना चाहिए। यह विश्वविद्यालय वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

(ix) एक अधिन्यास प्रश्न–पत्र के सभी उत्तर लेखन हेतु यथासम्भव एक ही उत्तर पुस्तिका का प्रयोग किया जाना अनिवार्य है।

(x) सत्रांत /परीक्षा प्रारम्भ होने के पूर्व /मूल्यांकित/ उत्तर पुस्तिकाएँ/ अपने अध्ययन केन्द्र/ समन्वयक से अवश्य प्राप्त कर सकते हैं। इस पुस्तिका पर परीक्षक द्वारा लिखी गई टिप्पणी सत्रांत परीक्षा में सटीक उत्तर लिखने में मार्ग दर्शक का कार्य करेगी।

(ब) अध्ययन केन्द/ समन्वयकों के लिये दिशा/ निर्देश :–

(i) अध्ययन केन्द्र समन्वयक शिक्षार्थियों को निर्देशित करेंगे कि अधिन्यास कार्य के उत्तर लिखने के पूर्व उत्तर पुस्तिका पर सम्बन्धित प्रश्न को अनिवार्य रूप से लिखें। प्रश्न न लिखने की दशा में **उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन नहीं** कराया जायेगा।

अन्तिम तिथि के पश्चात अधिन्यास उत्तर पुस्तिकाएँ विलम्ब शुल्क के साथ विश्वविद्यालय मुख्यालय प्रयागराज परीक्षा विभाग में ही स्वीकार की जायेगी।

(ii) अधिन्यास मूल्यांकन हेतु **अध्ययन केन्द्रों पर परामर्श कक्षाओं को ले रहे प्राध्यापकों की सूची क्षेत्रीय सेवा प्रकोष्ठ को उपलब्ध करायी जानी होगी। प्रकोष्ठ द्वारा इन प्राध्यापकों का अनुमोदन माननीय कुलपति जी से प्राप्त किया जायेगा। यही प्राध्यापक अधिन्यास उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु अर्ह माने जायेंगे।**

(iii) अधिन्यास कार्य में 25 या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले शिक्षार्थियों की उत्तर पुस्तिकायें निरीक्षण हेतु मुख्यालय पर मंगवाई जा सकती हैं।

(iv) अध्ययन केन्द्र समन्वयक विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि तक अधिन्यास पुस्तिकाओं को अनिवार्य रूप से शिक्षार्थियों से जमा कर निश्चित अवधि तक उनका मूल्यांकन कराकर अधिन्यास अंक ऑनलाइन करा दें। **अन्तिम तिथि के पश्चात् अधिन्यास पुस्तिकाओं को किसी भी दशा में मूल्यांकन न कराया जाये। अधिन्यास अंक आफ लाईन स्वीकार नही किये जायेगें।**

(v) अध्ययन केन्द्र समन्वयक यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक शिक्षार्थी की सभी अधिन्यास पुस्तिकाएँ मूल्यांकित कर उनका अंक अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय में निर्धारित तिथि तक आनलाईन कर दिया गया है।

(vi) अधिन्यास जमा करते समय प्रत्येक शिक्षार्थी को अध्ययन केन्द्र समन्वयक द्वारा हस्ताक्षर युक्त अधिन्यास जमा करने की प्राप्ति रसीद (RECEIVING SLIP) अवश्य प्रदान की जाये। इस रसीद पर दिनाँक तथा जमा की गयी अधिन्यास उत्तर पुस्तिकाओं का विवरण उपलब्ध हो। इस रसीद का प्रारूप अध्ययन केन्द्र समन्वयक कार्यशाला के दौरान वितरित ''अध्ययन केन्द्र संचालन नियमावली'' पुस्तिका में उपलब्ध है।

(vii) प्रत्येक अध्ययन केन्द्र पर जुलाई सत्र के प्रथम, तृतीय, पंचम/जनवरी सत्र के द्वितीय/चतुर्थ/षष्ठ सेमेस्टर/जनवरी सत्र के वार्षिक कार्यक्रमों के अधिन्यास **31 अक्टूबर** तक तथा इसी प्रकार जनवरी सत्र के प्रथम/तृतीय/पंचम/जुलाई सत्र के द्वितीय/चतुर्थ/षष्ठ सेमेस्टर/जुलाई सत्र के वार्षिक कार्यक्रमों के अधिन्यास **31 मार्च** तक जमा होंगे।

(viii) क्षेत्रीय केन्द्र अपने अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों को निर्देशित करेंगे के वे 30 नवम्बर/30 अप्रैल तक अधिन्यास पुस्तिका का मूल्यांकन कराकर अंको को आनलाईन कराना सुनिश्चत करेगें।

(x) क्षेत्रीय निदेशक अध्ययन केन्द्रों को निर्देशित करेंगे के वे यह सुनिश्चित कर लें कि अधिन्यास उत्तर पुस्तिका पर मूल्यांकनकर्ता द्वारा शिक्षार्थियों के PEREORMANCE के आधार पर FEEDBACK हेतु टिप्पणी अनिवार्य रूप से लिखी जाये। इसके लिए निम्न कोडों का प्रयोग किया जायेगा।

- ❖ (A) सर्वोत्तम – (Excellent)
- ❖ (B) बहुत अच्छा – (Very Good)
- ❖ (C) अच्छा – (Good)
- ❖ (D) सराहनीय – (Satisfactory)
- ❖ (E) लेखन शैली सुधारें – (Improve Hand Writing)
